संख्या-77/2015/1870/नौ-5-2015-476सा/2014

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम,
लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊः: दिनांक/7 मार्च, 2015

विषयः- वित्तीय वर्ष 2014-15 में 'नगरीय सड़क सुधार योजना' अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4962/एसटी//एन.ए-4 दिनांक 25.02.2014 एवं दिनांक रहित के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'नगरीय सड़क सुधार योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में नगर निगम, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन में प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष कुल ₹ 80.43 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत की कुल धनराशि ₹ 40.21 (₹ चालीस लाख इक्कीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण, शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख ₹ में)

जनपद/ निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5
नगर निगम, लखनऊ	1. गीतापल्ली वार्ड में विद्यावर्मा के घर से राम कश्यप के घर तक तथा ब्यूटी पार्लर के पास इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण	6.37		
	2.गीतापल्ली वार्ड में पालू आटा चक्की से नाले तक मुख्य सड़क व आसपास की गलियों में इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण	4.46		
	3. ओमनगर वार्ड में जयप्रकाश नगर में रिसा ड्राईक्लीनर्स वाली इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली सुधार	6.32		
	4. गीतापल्ली वार्ड में गुप्ता जी के घर से आर्य जी के घर तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण	4.93		
	5. गीतापल्ली वार्ड में एम रिजवी के घर से टी0एन0सिंह के घर तक इंटरलाकिंग सडक एवं नाली निर्माण	2.29		
	6. ओमनगर वार्ड के अन्तर्गत एस0बी0आई0 रोड से ब्राइट इण्डस्ट्रीज के बगल से हनुमान मन्दिर की ओर इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली सुधार कार्य	6.40		
	7.गीतापल्ली वार्ड साकेतपुरी में संतोष के घर से कटीमी के घर तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली	2.70		
	8. ओमनगर वार्ड के अन्तर्गत श्री हरी प्रसाद सिंह के घर से बी0एन0यादव के घर जाने वाली गली में इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण	6.82		

जनपद/ निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5
	9. ओमनगर वार्ड के अन्तर्गत श्री सूरजलाल के घर से श्री बिसारिया के घर जाने वाली सड़क पर इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण	3.04		
	एक प्रतिशत लेबर सेस	0.38		
	योग	43.71	40.00	20.00
	1. ओमनगर वार्ड के अन्तर्गत जयप्रकाश नगर मुख्य मार्ग पर सड़क सुधार कार्य	7.79		
	2. ओमनगर वार्ड के अन्तर्गत पार्क के पास पुरातत्व परिषद के आसपास सड़क सुधार कार्य	4.33		
	3. ओमनगर वार्ड के शैलेन्द्र सिंह के घर होते हुए श्रीवास्तव के घर तक इंटरलाकिंग का कार्य पार्ट-ए एवं बी (7.59*7.59)	15.18		
	4. ओमनगर वार्ड के डा0 लोंगडी क्लीनिक से आर्य समाज मन्दिर के आसपास साइड पटरी इंटरलाकिंग का कार्य पार्ट-ए, एवं पार्ट-सी (4.85*7.88)	12.73		
	एक प्रतिशत लेबर सेस	0.40		
	योग	40.43	40.43	20.21
	महायोग(1+2)	84.14	80.43	40.21

(चालीस लाख इक्कीस हजार मात्र)

1. स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल संबंधित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा नगर निगम, लखनऊ के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/ पी.एल.ए./डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यों पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है।
3. योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-2087/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07 जून, 2013 तथा शासनादेश संख्या-3747/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 10 सितम्बर, 2013 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जायेगा।
4. प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।
5. कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित निकाय की होगी तथा निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।
6. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
7. प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाया सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

8. स्वीकृत किये जा रहे कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों में पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी। यह भी सुनिश्चत किया जायेगा कि इस कार्य हेतु पूर्व में किसी अन्य स्रोतों से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।
9. कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत 'डिस्प्ले बोर्ड' पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
10. व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को दिनांक 31-03-2015 तक भेजा जाना अनिवार्य होगा।
11. वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/ लेखधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चत करेंगे। यदि निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दी जाय।

2. स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि का व्यय आयोजनागत लेखाशीर्षक '2217-शहरी विकास-80-सामान्य-191-नगर निगमों को सहायता-04-उ.प्र. व्यापार विकास निधि से व्यय-0401-नगरीय सड़क सुधार योजना- 35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई, 2014 के तहत प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या- /2015/ (1)/नौ-5-2015-476सा/2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ.प्र. इलाहाबाद।
2. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, लखनऊ।
4. कोषाधिकारी, कलेक्टरेट कोषागार, लखनऊ।
5. निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त आय-व्यक(अनुभाग-1/2)
8. गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल/सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ.प्र. शासन।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2014-2015

आवंटन दिनांक-17/03/2015

प्रेषण संख्या:- 77-2015

आवंटन आदेश संख्या:- 001-77-2015-1870-9-5-2015-476Sa-14

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2014-2015 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनागत-मतदेय)

80 - सामान्य

191 - नगर निगमों को सहायता

04 - उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय

01 - नगरीय सड़क सुधार योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	लखनऊ कलेक्ट्रेट -4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	4021000	4021000
		प्रगामी	242160000	242160000
	योग	वर्तमान	4021000	4021000
		प्रगामी	242160000	242160000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया चालीस लाख इक्कीस हजार

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया चौबीस करोड़ इक्कीस लाख साठ हजार

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव